# Terms of Reference

## Lead Consultant - Quality Improvement

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting implementation of interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organised around seven divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality Improvement.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. Vast exposure to Union Ministry of Health and Family Welfare and its processes and State Health Department is a unique feature of NHSRC.
If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care and patient safety, public health planning and health promotion.

For improving the Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards have been under implementation under the National Health Mission. QI Division at NHSRC support the implementation through two distinct roles, first being setting the standards for different level of health facilities and thematic areas as per need and supporting the states in its implementation through capacity building and handholding; and second function is of verification of attainment of standards at the health facilities through a robust system of quality certification.

For improving Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards were developed under the National Health Mission. For implementation of the NQAS, substantial efforts are undertaken for building capacity of the states to understand the nuances of each quality standards, followed by hand-holding support through state quality assurance committee and district quality assurance committees.

The division also support the Ministry of Health & Family Planning, GOI and the states in implementation of Kayakalp, LaQshya, MusQan, Mera-Aspataal, AEFI Surveillance Standards, etc. There are many other initiatives under development.

For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a Lead Consultant in the QI Division. The Division has a mix of competent and motivated team and young professionals. S/he is expected to anchor the team and lead the efforts to mentor and nurture the talent.

Support to the States require extensive travel to the states, which may be about one third of the time.

The Position reports to Advisor- Quality Improvement and is on Contractual basis. To begin with Two years and extendable based on the Performance.

**Roles & Responsibilities:**

Expected roles of the incumbent are summarised below –

(a) Review the contemporary literature and programme guidelines, and examine the existing measurement system (ME & checkpoints) under the NQAS; then lead the team in development and review of the standards, which are contemporary and also meet the ISQua norms
(b) Lead the division efforts in drafting of other initiatives
(c) Mentor the QI Division's team and states' teams
(d) Facilitate innovations and partnerships for scale-up of Quality and safety initiative
(e) Development of Resource Material

(f) Conduct training

(g) Engagement with multiple stakeholders such as MoHFW, States, ISQua, Medical Colleges,
(h) Any other task, as per need of the QI Division

**Qualification & Experience:**

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

**Essential Qualification –**

1. Possess Medical /Ayush degree from a recognised university
2. Two years' full-time Post graduate degree from a reputed institute:
   a) Master's in Hospital Administration
   b) Master's in Hospital Management
   c) Master's in Public Health
   d) Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management
3. 5 years of leadership Experience of NQAS design and implementation
4. 10 years' post-qualification experience (after two years' PG degree) as on **13th October 2021.**

**Note-**

- Only shortlisted candidates will be called for an interview.
- Formal educational qualification, experience and Age could be relaxed for deserving candidate.
- The candidates may be subjected to written test and presentation to judge their knowledge, writing-skills and language proficiency.
- After written tests, only short-listed candidates may be asked to appear for the interview.

**Age Limit:** 55 years & below. (as on last date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Extensive Travels to the States and Districts as per need.

**Remuneration Range:** Between Rs. 1,30,000/- to Rs. 1,70,000/-

****Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Staff of NHSRC on Long-term Consultancy contract are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance (Pending Approval from MoH&FW), Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Staff on long-term consultancy contract) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: 2 years with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **13th October 2021.**

# संदर्भ शर्तें
# लीड कनसल्टेंट – गुणवत्ता सुधार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय  के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तकनीकी समर्थन संस्थान है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और एनएचएम के अंतर्गत हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन में समर्थन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के साथ करीबी तौर पर कार्य करता है। एनएचएसआरसी में कार्य सात प्रभागों – सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और गुणवत्ता सुधार के इर्द–गिर्द केंद्रित है।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही  एनएचएसआरसी अपने एजेंडे के लिए ज्ञान का भंडार और उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संलग्न अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ कार्य किया और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया जिससे पेशेवर मंजिल की अगली सीढ़ी पर छलांग लगाने में सक्षम हुए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ कार्य करने के व्यापक अवसरों के साथ एनएचएसआरसी की प्रक्रियाएं इसकी अनूठी विशेषताएं हैं।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया  में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सृजन के साथ उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की जाने वाली देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यान्वयन के अधीन हैं। एनएचएसआरसी में क्यूआई डिविजन दो विशिष्ट भूमिकाओं के माध्यम से कार्यान्वयन में समर्थन करता है। पहली भूमिका है– आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों और विषयी क्षेत्रों के विभिन्न स्तरों के लिए मानक स्थापित करना और क्षमता निर्माण एवं हैंडहोल्डिंग के माध्यम से इसके कार्यान्वयन में राज्यों का समर्थन। दूसरी भूमिका है– गुणवत्ता प्रमाणन की गतिशील प्रणाली के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों में मानकों की प्राप्ति का सत्यापन करना।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की जाने वाली देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक विकसित किए गए। एनक्यूएएस के कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक गुणवत्ता मानक की बारीकियों को समझने के लिए राज्यों के क्षमता निर्माण और राज्य गुणवत्ता आश्वासन समिति एवं जिला गुणवत्ता आश्वासन समितियों के माध्यम से अनुभवजनित समर्थन के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।
यह प्रभाग कायाकल्प, लक्ष्य, मुस्कान, मेरा अस्पताल, एईएफआई निगरानी मानकों इत्यादिक के कार्यान्वयन में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों का समर्थन भी करता है। कई अन्य पहल का विकासाधीन हैं।

उपर्युक्त उल्लेखित कार्यों में समर्थन के लिए, एनएचएसआरसी क्यूआई डिविजन में लीड कनसल्टेंट नियुक्त करने का इच्छुक है। प्रभाग में सक्षम और प्रेरित और युवा प्रोफेशनल की मिलीजुली टीम है। आवेदक से टीम को समर्थन एवं प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभा के परामर्शदाता और पालन–पोषण के प्रयासों का नेतृत्व करने की आशा है।

राज्यों का समर्थन करने के लिए, राज्यों की गहन यात्रा करने की आवश्यकता है जो कुल समय का लगभग एक तिहाई हो सकती है।

इस पद पर तैनात व्यक्ति सलाहकार– गुणवत्ता सुधार को रिपोर्ट करता है और अनुबंध आधार पर है। शुरू में दो वर्ष की अवधि के बाद कार्य प्रदर्शन के आधार पर अनुबंध आगे बढ़ाया जा सकता है।

**भूमिकाएं और जिम्मेदारियां :**

इस पद के लिए संभावित भूमिकाएं संक्षेप में निम्नलिखित हैं –

(a) समकालीन साहित्य और कार्यक्रम दिशानिर्देशों की समीक्षा और एनक्यूएएस के अंतर्गत मौजूदा मापन प्रणाली (एमई और चेकपॉइंट्स) का परीक्षण। उसके बाद समकालिक आईएसक्यूयूए मानदंड़ों पर खरे उतरने वाले मानकों के विकास और समीक्षा में टीम का नेतृत्व करना

(b) अन्य पहल का मसौदा तैयार करने के प्रभाग के प्रयासों का नेतृत्व करना

(c) क्यूआई डिविजन टीम और राज्यों की टीमों का मार्गदर्शन करना

(d) गुणवत्ता और सुरक्षा पहल के विस्तार के लिए नवाचार एवं साझेदारी सुगम बनाना

(e) संसाधन सामग्री का विकास

(f) प्रशिक्षण आयोजित करना

(g) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राज्यों, आईएसक्यूयूए, मेडिकल कॉलेज जैसे अनेक हितधारकों के साथ संलग्न होना

(h) क्यूआई डिविजन की आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य कार्य

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव :**

उपर्युक्त उल्लेखित प्रदेय हासिल करने के लिए, आवेदक से निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव धारण करने की आशा है –

**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता –**

1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मेडिकल/आयुष उपाधि

2. प्रतिष्ठित संस्थान से दो वर्ष की पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर उपाधि

a) अस्पताल प्रशासन में स्तानकोत्तर

b) अस्पताल प्रबंधन में स्तानकोत्तर

c) सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर

d) अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

3. एनक्यूएएस डिजाइन और कार्यान्वयन में नेतृत्व का 5 वर्ष का अनुभव

4. **13th October 2021** को शैक्षिक योग्यता के बाद ( दो वर्ष की स्नातकोत्तर उपाधि के बाद ) 10 वर्ष का अनुभव

नोट –

- केवल छंटनी किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा
- योग्य उम्मीदवारों **के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यताए अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।**
- उम्मीदवारों के ज्ञान, लेखन कौशल और भाषाई प्रवीणता का निर्णय करने के लिए लिखित एवं प्रस्तुति की परीक्षा ली जा सकती है।
- लिखित परीक्षा के बाद, केवल छंटनी किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने को कहा जा सकता है।

**आयु सीमा :** 55 वर्ष और कम (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में कार्य करने के अनुभव का अवसर। आवश्यकता के अनुसार राज्यों और जिलों की गहन यात्रा शामिल हो सकती है।

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 1,30,000/– से रु. 1,70,000/– के बीच

**'इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी**

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन लंबित), मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन

**अनुबंध की अवधि** : 31 मार्च, 2023 तक अनुबंध के साथ समान अवधि का विस्तार (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **13th October 2021** है।